श्री जयप्रकाश मण्डल, विशेष सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिनांक– 08.07.2017 को मधेपुरा नगर परिषद् में चल रहे विभिन्न योजनाओं का समीक्षा किया गया, जो निम्न प्रकार है :–

---

## शौचालय निर्माण घर का सम्मान (स्वच्छ भारत मिशन) :–

नगर परिषद् मधेपुरा में कुल 26 वार्ड है। विभाग के निदेश पर किये गये सर्वे के अनुसार कुल परिवारों की संख्या– 13226 है, जिसमें 4911 परिवारों के पास शौचालय उपलब्ध है तथा शेष 8315 परिवार के पास शौचालय उपलब्ध नहीं है। दिनांक– 08.07.2017 तक 2184 लाभुकों को कार्यादेश दिया गया है, जिसमें से प्रथम किस्त की राशि 1198 लाभुकों को एवं द्वितीय किस्त की राशि 605 लाभुकों को दिया जा चुका है। आज कैम्प के माध्यम से 311 लाभुकों के बीच माननीय उपमुख्य पार्षद, अन्य वार्ड पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी के उपस्थिति में कार्यादेश वितरण किया गया। साथ ही कैम्प में 298 लाभुकों के बीच प्रथम किस्त की राशि दर्ज किया हुआ पासबुक वितरण किया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि प्रत्येक दिन शौचालय से सम्बन्धित प्रगति की समीक्षा वार्डवार कर्मी के साथ की जाती है। यथा– प्रथम दिन आवेदन प्राप्त करना एवं जाँच करना, दूसरे दिन आवेदन को ऑन लाईन करना, तीसरे दिन कार्यादेश निर्गत करना, चौथे दिन **Gio Tagging** एवं पाँचवे दिन एडभाईस तैयार कर बैंक को भेजना। इससे सम्बन्धित कार्यवाही पंजी की जाँच की गई, जाँचोपरान्त पंजी का संधारण सही पाया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि इस कार्य को सुचारू रूप से चालू रखेंगे तथा इस कार्य में और तेजी लाने का प्रयास करेंगे।

## सबके लिए आवास (शहरी) योजना :–

इस योजना के अन्तर्गत द्वितीय चरण में नगर परिषद्, मधेपुरा को 1012 लाभुकों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसमें से 940 लाभुकों को कार्यादेश निर्गत किया गया है। इसमें प्रथम किस्त के रूप में प्रति लाभुक मो0– 50,000=00 रू0 की दर से **RTGS** के माध्यम से 662 लाभुकों को पूरी प्रक्रिया अपनाते हुए राशि हस्तान्तरित कर दी गई है।

कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा जानकारी दिया गया की आज की तिथि में मो0–65.00 लाख रू0 शेष है। इससे लाभुकों को प्रथम किस्त के रूप में अगले सप्ताह में कैम्प लगाकर पासबुक में दर्ज राशि का पासबुक वितरण किया जायेगा।

## हर घर नल का जल :-

14 वार्डो में कुल 22 योजना जिसका प्राक्कलित राशि मो0-6,33,84,884=00 है, का ई० निविदा प्रकाशन नगर परिषद् द्वारा किया गया है, जो दिनांक- 07.07.2017 के प्रभात खबर एवं हिन्दुस्तान समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है। पत्रांक 1157 दिनांक 30.06.2017 द्वारा निविदा प्रकाशन हेतु सूचना एवं जन सम्पार्क विभाग को भेगा गया। शेष वार्डो के सम्बन्ध में कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा जानकरी दी गई कि वार्ड 01 से 06 एवं 13 से 19 कुल 13 वार्डो में बिहार राज्य जल पर्षद द्वारा हर घर नल का जल एवं पाईप जलापूर्ति का कार्य करवाया जा रहा है, जिसके कुल 26025 मीटर पाईप बिछना था, जिसमें 23600 मीटर पाईप बिछाया गया तथा हाउस सर्विस कनेक्शन 2559 घरों में करना था, जिसमें 248 घरों में ही कनेक्शन किया गया है।

## मुख्यमंत्री नली-गली पक्कीकरण योजना :-

मुख्यमंत्री शहरी नली-गली पक्कीकरण निश्चय योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष- 2016-17 में बोर्ड से पारित कराते हुए कुल 26 (छब्बीस) योजना चयनित किया गया, जिसका ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा कार्यो का सम्पादन करते हुए कार्यो का क्रियान्वयन कराया जा रहा है, जिसमें कुल 23 (तेईस) योजना पूर्ण हो चुका है। वार्डवार योजना इस प्रकार है :-

| नली-गली पक्कीकरण निश्चय योजना | | |
|---|---|---|
| क्र0 | योजना का नाम | भौतिक प्रतिवेदन |
| 01 | 02 | 03 |
| 1 | वार्ड नं0- 01 में वार्ड पार्षद दुःखा महतो के घर से सी0एम0 साईन्स कॉलेज के पास तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 2 | वार्ड नं0-02 में पश्चिमी बाईपास दिलीप बाबू इन्जिनीयर के घर से ज्ञानदा स्कूल होते हुए रजनीश पेन्टर के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 3 | वार्ड नं0- 03 में अंजन यादव शिक्षक के घर होते हुए बी0आर0सी0 कार्यालय होते हुए उत्तर पी0एच0ई0डी0 तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 4 | वार्ड नं0- 04 में एन0एच0- 106 से मेहता निवास होते हुए इंजिनियर डेविड के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं नाला निर्माण कार्य। | कार्य प्रगति पर |
| 5 | वार्ड नं0- 05 में उदयकृष्ण यादव के घर से संजय यादव के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | वार्ड नं0– 06 में बिनोद साह के दुकान के पास से जगदीश मंडल के घर के पास तक पी0सी0सी0 निर्माण कार्य। | कार्य प्रगति पर |
| 7 | वार्ड नं0– 07 में मेन वायपास से सविता, सुमिता कुमारी के घर से सुभाष कुमार के घर से ममता कुमारी के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 8 | **वार्ड नं0– 08 में पवन यादव के घर से विष्णुदेव प्र0 यादव के घर होते हुए नजमुन निशां के घर तक PCC कार्य।** | पूर्ण |
| 9 | वार्ड नं0– 09 में सुखदेव यादव के घर से विश्वप्रकाश भारती के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 10 | **वार्ड नं0– 10 में नजमूल हौदा के घर के पास से जुमराती के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 11 | **वार्ड नं0– 11 में मुमताज अंसारी के घर से गुलाम रहमानी अधिवक्ता के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 12 | **वार्ड नं0– 12 में मो0 कमरूद्दीन के घर से पानी टंकी चौक तक PCC कार्य।** | पूर्ण |
| 13 | **वार्ड नं0– 13 में जगजीवन पथ में युगेश्वर राम के घर से नन्दकिशोर यादव के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 14 | **वार्ड नं0– 14 में जगत ना0 यादव अधिवक्ता के घर से बिनोद सिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 15 | वार्ड नं0– 15 में प्रभाष कुमार के घर से ललन कुमार के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 16 | वार्ड नं0– 16 में मलिक जी के दुकान से मेन रोड तक नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 17 | वार्ड नं0– 17 में रविन्द्र कु0 सिन्हा के घर से गजेन्द्र प्र0 श्रीवास्तव के घर तक पी0सी0सी0 कार्य। | पूर्ण |
| 18 | **वार्ड नं0– 18 में रासबिहरी विद्यालय के पूर्वी गेट से अरूण मंडल के क्लीनिक होते हुए बी0पी0 मण्डल पथ तक सोलिंग, पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण।** | पूर्ण |
| 19 | **वार्ड नं0– 19 में शिव ना0 यादव के घर से मेन रोड तक PCC एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 20 | **वार्ड नं0– 20 में पश्चिमी बाईपास ललन साह के घर से वंशीधर बाहेती के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 21 | वार्ड नं0– 21 में हरि प्र0 के घर से अशोक यादव के घर तक मिट्टी, सोलिंग, पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 22 | **वार्ड नं0–22 में वकील ऋषिदेव के घर से अरविन्द साह के घर तक PCC कार्य।** | पूर्ण |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | **वार्ड नं0–23 में बजरंगबली चौक से वार्ड नं0– 24 के नाला से मिलान के लिए पुलिया एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 24 | वार्ड नं0– 24 में मीशन रोड मो0 सत्तार के घर से मस्जिद होते हुए जहीर अंसारी के घर के के पास होते हुए तुनियाही रोड मुख्य नाला तक रोड को तोड़कर बीच में 22 फीट नाला निर्माण कार्य। | पूर्ण |
| 25 | **वार्ड नं0– 25 में मनोज मोजेश के घर से सुशील सोरेन के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | पूर्ण |
| 26 | **वार्ड नं0– 26 में रंजीत पान दुकान से दशरथ रजक के घर तक पी0सी0सी0 एवं नाला निर्माण कार्य।** | कार्य प्रगति पर |

नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटनाद्वारा इस मद में कुल आवंटन मो0–2,11,99,311=00 रू0 प्राप्त हुआ, जिसमें से 1,82,97,533=00 रू0 व्यय हुआ है। शेष राशि मो0– 29,01,778=00 बची हुई है। शेष योजनाओं को जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा अनुरोध किया गया कि नली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना में राशि की आवयकता है।

**<u>दीनदयाल अन्त्योदय (DAY-NULM) योजना :–</u>**

इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017–18 में 03 **SHG** बनाया गया। 07 **Revolving Fund** दिया गया है एवं इसके तहत एक रैन बसैरा का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो 40 प्रतिशत तक कार्य हुआ है।

**<u>रोकड़ बही संधारण एवं होल्डिंग/प्रोपर्टी टैक्स :–</u>**

रोकड़ बही अवलोकन हेतु माँग की गई। बताया गया कि रोकड़ बही का संधारण दो माह का नहीं हुआ है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है। निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अन्दर रोकड़ बही का संधारण कर सामान्य रोकड़ बही का अन्तिम पृष्ठ की छायाप्रति अधोहस्ताक्षरी को मेल कर सूचित किया जाय। साथ ही रोकड़ बही का संधारण नहीं किये जाने का स्पष्टीकरण लेखापाल से करने का कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया।

श्री राधा प्र0 साह, कर संग्रहकर्त्ता से प्रोपर्टी टैक्स वसूली की पंजी की जाँच की गई, जिसमें पाया गया कि वार्डवार पंजी का संधारण नहीं किया गया है। उनके द्वारा माह जून– 2017 में कुल वसूली 89,990=00 रू0 मात्र है। जिसे कर संग्रहकर्त्ता के माध्यम से बैंक खाता में जमा किया गया, जिसका पावती पंजी में सटा हुआ पाया गया।

यह प्रक्रिया उचित प्रतीत नहीं होता है। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कर संग्राहक द्वारा वसूल की गई राशि प्रत्येक सप्ताह कार्यालय के नजारत में जमा किया जाय एवं नजारत के द्वारा राशि को सरकारी कोष में जमा कराया जाय। वार्डवार पंजी का संधारण करायेंगे। साथ ही ऐसा नहीं किये जाने का स्पष्टीकरण करने का निदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया।

श्री अशोक कुमार यादव कर संग्रकर्त्ता से प्रोप्रर्टी टैक्स वसूली पंजी की माँग की गई, उनके द्वारा पंजी का संधारण नहीं किया गया था और ना ही उनके द्वारा वसूल की गई राशि से सम्बन्धित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत किया। जिसके कारण वसूली गई राशि नगर परिषद् कोष में जमा हुई या नहीं यह पता नहीं चल पाया। कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि श्री यादव से वार्डवार पंजी संधारण कराया जाय, कार्य में शिथिलता बरतने से सम्बंधित स्पष्टीकरण पूछा जाय। आवंटित वार्डवार वसूली की गयी हौल्डिंग टैक्स की राशि नगर परिषद नजारत में तुरंत जमा कराया जाय। साथ ही जमा राशि को तुरंत नगर परिषद के खाता में जमा कराने का निदेश दिया गया।

इसके साथ सधन्यवाद शिविर की कार्यवाई समाप्त की गयी।

विशेष सचिव

पटना, दिनांक 10/7/17

ज्ञापांक 4535

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

10.7.17

विशेष सचिव

पटना, दिनांक 10/7/17

ज्ञापांक 4535

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, मधेपुरा, नगर परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.7.17

विशेष सचिव